भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

01.04.2026 के

तारांकित प्रश्न सं. 540 का उत्तर

वंदे भारत रेलगाड़ियों पर व्यय

***540. श्री मलैयारासन डी.:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा अब तक वंदे भारत रेलगाड़ियों के विनिर्माण और परिचालन पर, सवारी डिब्बा कारखाना और अन्य उत्पादन इकाइयों को आवंटित धनराशि सहित कुल कितना व्यय किया गया है;

(ख) क्या सरकार ने इन रेलगाड़ियों की शुरुआत के बाद से यात्रियों द्वारा इनकी मांग, इनके किरायों की वहनीयता और समग्र निष्पादन के संबंध में कोई आकलन किया है; और

(ग) भारतीय रेल के अंतर्गत वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के नेटवर्क का विस्तार करने और छोटे शहरों तथा कम सेवा वाले क्षेत्रों तक इनकी कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

दिनांक 01.04.2026 को लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 540 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): भारतीय रेल समाज के सभी वर्गों को वहनीय और अच्छी गुणवत्ता वाली सेवा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस पहल को आगे बढ़ाते हुए, भारतीय रेल ने बेहतर यात्री गतिशीलता और बेहतर यात्रा अनुभव के लिए सेमी हाई-स्पीड वंदे भारत रेलगाड़ियों के चेयर कार और स्लीपर संस्करण को स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया है।

सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा के मामले में नए मानक स्थापित करने के लिए, इन रेलगाड़ियों में आधुनिक सवारी डिब्बे लगाए गए हैं जिनमें उन्नत संरक्षा विशेषताएँ और यात्री सुविधाएं उपलब्ध हैं, जैसे:

- **झटका मुक्त सेमी परमानेंट कपलर और एंटी क्लाइम्बर्स।**
- **कवच से सुसज्जित।**
- **180/160 कि.मी. प्रति घंटे की डिजाइन/परिचालन गति के साथ उच्च त्वरण।**
- **ईएन मानकों के अनुरूप कार बॉडी का क्रैशवर्दी डिजाइन।**
- **अग्नि संरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए प्रत्येक सवारी डिब्बे के अंत में अग्नि अवरोधक दरवाजे।**
- **बेहतर अग्नि संरक्षा- विद्युत कैबिनेट और शौचालयों में एरोसोल आधारित अग्नि संसूचन एवं शमन प्रणाली।**
- **ऊर्जा दक्षता के लिए पुनरूत्पादक ब्रेकिंग प्रणाली।**
- **यात्री क्षेत्र के भीतर स्वच्छता मानकों में सुधार के लिए अनुकूलित हवा से 99% हानिकारक बैक्टीरिया को निष्क्रिय करने के लिए, एयर कंडीशनिंग इकाइयों में स्वदेशी रूप से विकसित यूवी-सी लैंप आधारित विसंक्रमण प्रणाली लगाई गई है।**
- **केंद्रीकृत रूप से नियंत्रित स्वचालित प्लग दरवाजे और पूरी तरह से सीलबंद चौड़े गैंगवे।**
- **सभी सवारी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे।**
- **आपातकालीन स्थिति में यात्री और गाड़ी प्रबंधक/लोको पायलट के बीच संप्रेषण के लिए आपातकालीन टॉक-बैक इकाई।**
- **दिव्यांग यात्रियों के लिए, रेलगाड़ी के प्रत्येक छोर पर ड्राइविंग कोच में विशेष शौचालय।**

- **यात्री सुविधाओं जैसे वातानुकूलन, सैलून प्रकाश व्यवस्था आदि की स्थिति की बेहतर निगरानी के लिए केंद्रीकृत सवारी डिब्बा निगरानी प्रणाली।**
- **शयनयान श्रेणी में ऊपरी शायिकाओं पर आसानी से चढ़ने के लिए एर्गोनॉमिक रूप से डिज़ाइन की गई सीढ़ी।**

रेलवे में पूंजीगत निवेश के लिए सकल बजटीय सहायता को 2013-14 में 29,055 करोड़ रुपए से बढ़कर 2026-27 में 2.78 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है। इस संवर्धित बजटीय सहायता के फलस्वरूप, नेटवर्क विस्तार, संरक्षा सुधार, यात्री सुविधाओं, सड़क संरक्षा कार्यों, प्रौद्योगिकीय उन्नयन में अर्थपूर्ण निवेश संभव हुआ है और वंदे भारत विनिर्माण सहित चल स्टॉक का संवर्धन हुआ है।

भारतीय रेल विभिन्न यात्री वर्गों की आवश्यकताओं को पूरा करती है और तदनुसार, उपनगरीय/अनुपनगरीय सामान्य रेलगाड़ी सेवाएं, मेल/एक्सप्रेस, अमृत भारत, वंदे भारत, वंदे भारत स्लीपर, नमो भारत रैपिड रेल, तेजस, हमसफर, राजधानी, शताब्दी, दूरंतो और गरीब रथ सेवाओं आदि जैसी विभिन्न प्रकार की रेलगाड़ी सेवाएं परिचालित करती है।

विभिन्न प्रकार की यात्री सेवाओं की किराया संरचना का निर्धारण करते समय सेवा की लागत, सेवा का मूल्य, दी जाने वाली सेवाओं/सुविधाओं का प्रकार, वहनीयता, अन्य प्रतिस्पर्धी माध्यमों से प्रतिस्पर्धा और सामाजिक-आर्थिक महत्व आदि जैसे पक्षों पर यथोचित विचार किया जाता है। तदनुसार, वंदे भारत रेलगाड़ियों को एक विशिष्ट किराया संरचना वाले एक अलग यात्री सेवा वर्ग के रूप में परिचालित किया जाता है।

वंदे भारत सेवाओं को देश भर में व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है। वर्ष 2024-25 के दौरान, वंदे भारत रेलगाड़ियों की औसत अधिभोगिता लगभग 100% थी।

वंदे भारत सेवाएं (चेयर कार):

वर्तमान में, भारतीय रेल नेटवर्क पर निम्नलिखित 81 जोड़ी वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाएं (चेयर कार) परिचालित की जा रही हैं:-

क्र. सं.	रेलगाड़ी सं. और नाम
1	22435/22436 नई दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
2	22439/22440 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
3	20901/20902 गांधीनगर कैपिटल-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
4	22447/22448 अम्ब अंदौरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
5	20607/20608 मैसूर-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
6	20825/20826 नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
7	22301/22302 न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
8	20833/20834 सिकंदराबाद-विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस
9	22223/22224 साईनगर शिरडी-छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
10	22225/22226 सोलापुर-छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
11	20171/20172 निज़ामुद्दीन-रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस
12	20701/20702 तिरुपति-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
13	20643/20644 कोयंबटूर-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस
14	20977/20978 चंडीगढ़-अजमेर वंदे भारत एक्सप्रेस
15	20633/20634 तिरुवनंतपुरम-कासरगोड वंदे भारत एक्सप्रेस
16	22895/22896 पुरी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
17	22457/22458 देहरादून-आनंद विहार वंदे भारत एक्सप्रेस
18	22227/22228 गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस
19	20911/20912 नागपुर-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस
20	22229/22230 मडगांव-छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
21	22349/22350 रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
22	20661/20662 धारवाड़-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
23	20173/20174 रीवा-रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस
24	22549/22550 गोरखपुर-प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस
25	12461/12462 साबरमती-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
26	22925/22926 ओखा-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
27	20665/20666 तिरुनेलवेली-चेन्नई एग्मोर वंदे भारत एक्सप्रेस

28	20677/20678 नरसापुर-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस
29	20703/20704 यशवंतपुर-काचीगुडा वंदे भारत एक्सप्रेस
30	20631/20632 तिरुवनंतपुरम-मंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
31	26963/26964 उदयपुर-असरवा वंदे भारत एक्सप्रेस
32	22347/22348 पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
33	20835/20836 पुरी-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस
34	20897/20898 रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
35	22415/22416 नई दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
36	20641/20642 कोयंबटूर-बेंगलुरु कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
37	20645/20646 मंगलुरु-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस
38	20705/20706 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी)-नांदेड़ वंदे भारत एक्सप्रेस
39	22477/22478 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
40	22425/22426 आनंद विहार-अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
41	22487/22488 अमृतसर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
42	22962/22961 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
43	20707/20708 विशाखपट्टणम-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
44	20663/20664 चेन्नई-मैसूर वंदे भारत एक्सप्रेस
45	22233/22234 पटना-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस
46	22470/22469 खजुराहो-निज़ामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस
47	22231/22232 बेंगलुरु-कलबुर्गी वंदे भारत एक्सप्रेस
48	20841/20842 विशाखपट्टणम-भुवनेश्वर वंदे भारत एक्सप्रेस
49	22345/22346 गोमती नगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
50	20887/20888 वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस
51	22545/22546 देहरादून-लखनऊ जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस
52	22490/22489 वाराणसी-मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस
53	20627/20628 नागरकोविल-चेन्नई एग्मोर वंदे भारत एक्सप्रेस
54	20671/20672 बेंगलुरु कैंट-मदुरै वंदे भारत एक्सप्रेस
55	22500/22499 देवघर-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस

56	22309/22310 जमालपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
57	20871/20872 राउरकेला-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
58	20893/20894 पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस
59	20892/20891 टाटानगर-ब्रह्मपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
60	22303/22304 गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
61	20669/20670 पुणे-हुबली वंदे भारत एक्सप्रेस
62	20673/20674 पुणे-छत्रपति शाहू महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
63	20101/20102 सिकंदराबाद-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
64	20829/20830 विशाखपट्टणम-दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस
65	21893/21894 पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस
66	21895/21896 पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस
67	20176/20175 बनारस-आगरा कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
68	26901/26902 वेरावल-साबरमती वंदे भारत एक्सप्रेस
69	26401/26402 श्रीनगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस
70	26403/26404 श्रीनगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस
71	26502/26501 पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
72	26751/26752 केएसआर बेंगलुरु-बेलगावी वंदे भारत एक्सप्रेस
73	26406/26405 अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस
74	26101/26102 पुणे-अजनी वंदे भारत एक्सप्रेस
75	26302/26301 जोगबनी-दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
76	26481/26482 दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
77	26471/26472 दिल्ली कैंट-बीकानेर वंदे भारत एक्सप्रेस
78	26462/26461 दिल्ली-फिरोजपुर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
79	26651/26652 एरणाकुलम-केएसआर बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
80	26506/26505 खजुराहो-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस
81	26504/26503 सहारनपुर-गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस

वंदे भारत सेवाएं (स्लीपर):

लंबी दूरी की यात्रा के लिए, वंदे भारत रेलगाड़ियों का स्लीपर संस्करण भी विकसित किया गया है। 25.03.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर निम्नलिखित 01 जोड़ी वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस परिचालित की जा रही है:

क्र. सं.	रेलगाड़ी सं. और नाम
1	27575/27576 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस

इसके अलावा, किसी भी रेलमार्ग/रेलखंड पर वंदे भारत और इसके संस्करणों सहित रेलगाड़ी सेवाओं की शुरुआत करना एक सतत प्रक्रिया है और यह विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- **संबंधित खंड की क्षमता**
- **पथ की उपलब्धता**
- **अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता**
- **चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता**
- **रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण संबंधी आवश्यकता**

*****